गुजरात पैगाम, दिनांक: २५.०९.२०२५

# अहमदाबाद में गरबा प्रेमियों के लिए खुशखबरी कल से 1 अक्टूबर तक रात 2 बजे तक चलेगी मेट्रो

**अहमदाबाद ।** नवरात्रि में गरबा प्रेमियों की आवाजाही के कारण रात एक-दो बजे भी सड़कों पर शाम के आठ बजे जैसा ट्रैफिक देखने को मिलता है। खास तौर पर शहर के बाहर बड़े पैमाने पर लोगों को गरबा स्थल से आने-जाने में दिक्कत होती है। ऐसे में नवरात्रि के दौरान गरबा प्रेमियों के लिए खुशी की खबर सामने आई है। नवरात्रि के दौरान देर रात तक मेट्रो चलाने का फैसला लिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक नवरात्रि के दौरान रात 2 बजे तक मेट्रो ट्रेन चलाने का फैसला लिया गया है। यह फैसला 26 सितंबर से लागू होगा, जो 1 अक्टूबर तक जारी रहेगा। गौरतलब है कि अहमदाबाद-गांधीनगर के बीच भी रात 2 बजे तक मेट्रो ट्रेन चलेगी। इस फैसले से गरबा प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

